# भिलाई में सहवासी संघ का गठन किया गया

भिलाईनगर। पुरे छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर में सूर्या विहार खम्हरिया 493 यूनिट में सहवासी संघ का गठन किया गया है। भिलाई शहर के नागरिको को नगर निगम भिलाई जो सुविधाएं प्रदान करती है। उसमें रहवासी संघ अपनी सहभागिता निभाएगी। रहवासी संघ के गठन का उददेश्य है कि परिसर क्षेत्र में विद्‌युत, जल, सिवरेज की निकासी, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करना। नगर निगम द्‌वारा जल प्रदाय, जलकर का निर्धारण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, भूमिगत बिछाये गये सिवरेज लाईन एवं प्रकाश व्यवस्था बनाकर देगा। उसके पश्चात गठित संघ रहवासियों एवं सोसायटी के सदस्यों को निगम के बनाये नियम तथा कार्य प्रणाली के अनुरूप कार्य करायेगा। साथ सोसायटी के जलकर को एकत्रित कर निगम कोष में जमा कराना सुनिश्चित करेगा।

